of a private sector firm for Iron ore mining at Ramanadurga for captive consumption at their Mangalore Steel making facility; and

(b) if so, the status thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV): (a) and (b) The State government of Karnataka has recommended a proposal for grant of mining lease for iron ore and manganese ore over an area of 6.5 Sq.Kms. in Village Ramanadurga of Bellary district in favour of M/s. Jaiprakash Engineering and Steel Co. Ltd. in November, 1992. Certain clarifications necessary under the Mines and Minerals (Regulation and Development) Act, 1957, were sought from the State Government of Karnataka.

**गुजरात में प्राकृतिक संसाधन**

3427. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात राज्य में प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, जिनका देश के विकास हेतु प्रयोग किया जा सकता है ;

(ख) क्या सरकार की गुजरात में उपलब्ध बहुमूल्य खनिजों और तेल का उपयोग करने की योजनायें हैं ; और

(ग) उन स्थानों के नाम क्या-क्या हैं, जहां पर पिछले एक वर्ष के दौरान प्राकृतिक संसाधनों के नये भंडारों का पता चला है और ये संसाधन क्या-क्या हैं ?

**खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) :** (क) जी हां । धात्विक और गैर-धात्विक खनिज संसाधनों के अलावा, जो प्राकृतिक स्रोत उपलब्ध हैं, उनमें जीवाश्म, ईंधन जैसे तेल और प्राकृतिक गैस तथा भू-जल और हाइड्रो-पावर भी शामिल है।

(ख) गुजरात राज्य सरकार की कच्छ में लिग्नाइट का प्रयोग करके एक गैस आधारित विद्युत संयंत्र स्थापित करने की योजना है । इसके अलावा, गुजरात के तेल और गैस भंडारों का क्रमबद्ध तरीके से विकास और विदोहन किया गया है ।

(ग) पिछले एक वर्ष के दौरान तेल और प्राकृतिक गैस आयोग (ओ०एन०जी०सी०) द्वारा किये गये सर्वेक्षण के फलस्वरूप, गुजरात के खम्बेल क्षेत्र में तेल निकला है । इसी प्रकार, भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जी०एस०आई०) द्वारा किये गये सर्वेक्षण के फलस्वरूप गुजरात के भड़ूच क्षेत्र में लिग्नाइट स्रोतों का पता लगाया गया है ।

**गुजरात में खनिजों का पता लगाने हेतु सर्वेक्षण किया जाना**

3428. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार गुजरात में खनिजों का पता लगाने हेतु एक सर्वेक्षण कराने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या केन्द्र सरकार ने इस संबंध में गुजरात तथा अन्य राज्यों के के लिये कोई योजना बनाई है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?